माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक 672-74/10 /एके0/MSU/2023–24 दिनांक: 28-7-23

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषयः महाविद्यालयों/संस्थानों में पांडिचेरी राज्य के अध्ययनरत छात्र–छात्राएं एवं प्रवासित अध्यापकगणों का विवरण उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल/कुलाधिपति सचिवालय राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या– ई–4465/32/जी0एस0/2023, दिनांक : 26.07.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा महाविद्यालयों/संस्थानों में पांडिचेरी राज्य के अध्ययनरत छात्र–छात्राएं एवं प्रवासित अध्यापकगणों का नाम पता तथा मोबाइल नम्बर शीघ्र उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गई है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि संलग्न पत्र में दिये गये निर्देशों का अनुपालन करते हुये महाविद्यालयों/संस्थानों में पांडिचेरी राज्य के अध्ययनरत छात्र–छात्राएं एवं प्रवासित अध्यापकगणों का नाम पता तथा मोबाइल नम्बर सम्बन्धित विवरण दिनांक : 04.08.2023 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे संलग्न पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुसार सूचना संकलित कर शासन को उपलब्ध करायी जा सके।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल/कुलाधिपति, राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र,लखनऊ।
02. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

कुलसचिव

S.V.C/40
26/07/2023.

ई–मेल

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ–226027

संख्या : ई– 4465/32 जी0एस/2023
दिनांकः 26/07/2023

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त कुलपति/निदेशक,
राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

महोदय/महोदया,

कृपया गृह मंत्रालय भारत सरकार से देश के समस्त राज्यों के राजभवन में भारत गणराज्य के सभी राज्यों का स्थापना दिवस मनाये जाने के निर्देश के क्रम में पांडिचेरी राज्य का पांडिचेरी दिवस दिनांक 16 अगस्त, 2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे राजभवन, उत्तर प्रदेश में मनाया जाना प्रस्तावित है।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके विश्वविद्यालय/संस्थान में पांडिचेरी राज्य के अध्ययनरत छात्र–छात्राएं एवं प्रवासित अध्यापकगणों का नाम पता तथा मोबाइल नम्बर शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि उपरोक्त आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु उन्हें आमंत्रण पत्र प्रेषित किया जा सके।

भवदीय,

(डा0 पंकज एल0 जानी)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी।

Registrar
महाविद्यालयों से पता कर लिया जाए
26/7/23

कुलपति